
# राजगढ़–ब्यावरा



**नवभारत**
भोपाल, बुधवार 06 मई, 2026


## एक नजर में

### विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 05 मई, का.** जिला संयोजन अनुजाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के पत्र द्वारा लागू एवं समय समय पर संशोधित योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए गए हैं. विदेश में उच्च शिक्षा यथा शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, पीएचडी एवं स्नाकोत्तर करने हेतु चयनित अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है. आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं.

### जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 05 मई, का.** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

### पीएम आवास के लिए भटक रहे हितग्राही

**राजगढ़ 05 मई, का.** जनसुनवाई में ग्राम पिपलबे निवासी योगजी ने बताया कि आवेदक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु कई बार आवेदन किया गया है. परन्तु आवास योजना का लाभ आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है. आवेदक कच्चे मकान में निवासरत है. कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इसी प्रकार ग्राम गोला खेडा निवासी पंचू बाई ने बताया कि आवेदिका को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. उनके आवास की स्थिति बहुत दयनीय है. साथ ही आवेदिका ने आवास योजना के लिए आवेदन भी किया है. कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### राशन के लिए भटक रहा ग्रामीण

**राजगढ़ 05 मई, का.** ग्राम हताईखेडा निवासी रामबाबु सौंधिया ने बताया कि आवेदक को पूर्व में राशन का लाभ प्राप्त हो रहा था. परन्तु किसी कारण वश आवेदक को राशन प्राप्त नहीं हो रहा है. कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को जांच करने निर्देश दिए.

### जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे

**राजगढ़ 05 मई, का.** ग्राम गोलाखेड निवासी धन्नाजी ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा कर लिया गया है. जिस पर आवेदक को कृषि करने में काफी परेशनी हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इसी प्रकार ग्राम पटना जागीर निवासी चैन सिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदको द्वारा कब्जा कर मकान बना लिया गया है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ को निर्देशित किया गया.

# 8 महीने में दूसरी बार होगी वेतन के लिए हड़ताल

## ब्यावरा नगर पालिका में फिर से वेतन संकट, 4 महीने से नहीं मिली सैलरी, 10 मई से हड़ताल शुरू

**सीएमओ से एक घंटे की चर्चा, निष्कर्ष नहीं निकलने पर लिया सामूहिक निर्णय 10 तारीख से सफाई, जलप्रदाय, यातायात व्यवस्था नहीं संभालेंगे कर्मचारी**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 मई, का. जिले में नगरीय निकाय कर्मचारी पिछले एक साल से अपने वेतन को लेक संघर्ष कर रहे है. कहीं 4 तो कहीं 5 महीनों तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा. जिले के ब्यावरा नगर पालिका में एक साल में दूसरी बार कर्मचारी वेतन नहीं मिलने पर आंदोलन के रास्ते जा रहे है. मंगलवार दोपहर सीएमओ से चर्चा के बाद कर्मचारियों ने निर्णय लिया है.**

मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे सीएमओ क क्ष में सभी कर्मचारी जमा हुए और करीब आधे घंटे तक अपने वेतन को लेकर चर्चा करते रहे. करीब साढ़े 3 बजे सीएमओ से चर्चा समाप्ति के बाद सभी कर्मचारी एकत्र होकर गेट के बाहर आ गए और आगामी 10 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल बजा दिया. हालांकि कर्मचारियों के मुताबिक वेतन नहीं मिलने पर वे आपस में इस मामले पर बैठक करेंगे और उसके बाद अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा.

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा नगर पालिका परिषद में कर्मचारियों को बीते 4 महीने से वेतन नहीं मिला है. यह वेतन अप्रैल माह तक का शामिल है. इसके पूर्व कर्मचारियों ने बीते वर्ष अक्टूबर में आंदोलन और धरना किया. जब जाकर दीपावली पूर्व दो महीने का वेतन उन्हें दिया गया था. लेकिन हालात फिर से बिगड़ रहे है. माली हालत खराब होने का हवाला देकर नपा प्रबंधन कर्मचारियों को बीते चार महीने से वेतन नहीं दे पा रहा है.

### कमीशन खोरी ने वेतन पर डाका डाला

नाराज कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारों को देने के लिए नगर पालिका के पास पर्याप्त धनराशि है जबकि नगर की व्यवस्थाओं का जिम्मा उठाने वाले कर्मचारियों को देने के लिए इनके पास पैसा नहीं है. वेतन भी एक नहीं पूरे चार महीने का बाकी है. कर्मचारियों के अनुसार वर्ष 2026 में एक बार भी वेतन नहीं मिला है. उन्हें घर संचालन में दिक्कतें आ रही है. बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्चा, किश्तें सभी उन्हें संभालनी होती है. ऐसे में वे भारी आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे है.

### इन निकायों में हो चुकी है हड़ताल

इसके पूर्व भी ब्यावरा नगर पालिका में कर्मचारी हड़ताल की चुके है. यह वर्ष में दूसरी बार है जब इस तरह नपाकर्मी अपने वेतन को लेकर आंदोलित हो रहे है. जिले की अन्य निकायों में भी गत वर्ष ये हालात बन चुके है. इनमें जिला मुख्यालय पर राजगढ़ नगर पालिका के कर्मचारियों ने वेतन को लेकर हड़ताल की थी. जबकि माचलपुर में भी ये हालात बन चुके है.

### 10 मई से हड़ताल, इस बार आधा वेतन नहीं लेंगे

कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वेतन नहीं मिला तो आगामी 10 मई से वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाएंगे. इसके नगर में होने वाली सभी अव्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नपा प्रशासन और परिषद की होगी. उन्होंने कहा कि पिछली बार भी धरने पर बैठे थे और आधा वेतन लेकर नगर हित में धरना समाप्त कर दिया था. लेकिन इस बार वे अपने वेतन को पूरा लेकर ही धरना समाप्त करेंगे. कर्मचारियों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि वेतन उनका संवैधानिक अधिकार है. यह गुजारा राशि उन्हें हर महीने समय पर मिलनी चाहिए.

### हम प्रबंध कर रहे हैं

इधर मामले में नगर पालिका सीएमओ इकरार अहमद ने कहा कि हम प्रबंध कर रहे है. कर्मचारियों को समय पर वेतन मिले इसकी पूरी चिंता है. नपा अभी वित्तीय दिक्कतों से गुजर रही है. उन्होंने कहा कि हम जल्द इस समस्या से अपने कर्मचारियों को बाहर निकाल लेंगे.



# ग्रामीण सड़कों की हालत खराब, मिट्टी नजर आ रही

## सारंगपुर तहसील मुख्यालय जाने वाले 9 किमी की सड़क पर गड्ढों ने बढ़ाया खतरा

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 05 मई, सं. प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत करीब 6 वर्ष पहले बनी पड़ाना से कांकरिया तक की 5 किलोमीटर सड़क अब जगह-जगह से जर्जर हो चुकी है. निर्माण के बाद से आज तक इस मार्ग पर एक बार भी पैच वर्क नहीं किया गया. जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और सड़क उखड़ने लगी है.**

यह मार्ग सारंगपुर तहसील मुख्यालय जाने के लिए सबसे छोटा और सुगम रास्ता है. पड़ाना से कांकरिया होते हुए सारंगपुर की दूरी लगभग 9 किलोमीटर है. इसी कारण दिन-रात सैकड़ों वाहन इस सड़क से गुजरते हैं.

सड़क किनारे रह रहे किसान परिवार के लोगों के अनुसार, खस्ताहाल सड़क पर प्रतिदिन कोई न कोई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री सड़क जैसी महत्वपूर्ण योजना के तहत बनी सड़क का यह हाल होना योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़े कर रहा है.

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आवागमन सुगम हो सके.

# डिवाइडर से टकराकर दो टुकड़ों में बंटा ट्रक

## परसूलिया के पास हादसा, केबिन टूटकर अलग हुआ



नवभारत न्यूज

**करनवास 05 मई, सं. नेशनल हाईवे के परसुलिया ब्रिज पर गाय बचाने के चक्कर में एक ट्रक डिवाईडर से टकरा गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक ब्रिज से टकराते हुए दो टुकड़ों में बंट गया. उसका केबिन ब्रिज के चैम्बर के नीचे जा गिरा जबकि पिछला हिस्सा ऊपर हाईवे पर रह गया.**

हादसा सुबह करीब 05.00 बजे ग्राम परसुलिया ओवर ब्रिज पर हुआ. यहां ट्रक क्रमांक पी 93 डीटी 6607 रोड पर अचानक गाय आ जाने से ट्रक दोनों रोड के बीच में पुलिया से टकरा गया.

जो आधा (केबिन) टूटकर ओवर ब्रिज के नीचे अंडर ब्रिज में गिर गया. ट्रक की बॉडी ऊपर दोनों रोड के बीच में रह गई है, ट्रक में खंडवा से अरबी (घुइयां) भरकर बरुआ सागर झांसी जा रहे थे.

चालक संतराम पिता केशवदास तिवारी उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम पपाओनी थाना सिमरा जिला निवाड़ी के सिर में मामूली चोट लगी. क्लीनर हरगोविंद पिता निर्भय लोधी उम्र 32 वर्ष 8720012242 निवासी ग्राम पपाओनी थाना सिमरा जिला निवाड़ी मध्य प्रदेश के दाहिने कंधे में मामूली चोट लगी. दोनों को साधारण चोट आई जिन्हें थाना करनवास पुलिस द्वारा तत्काल इलाज हेतु सिविल अस्पताल ब्यावरा भेजा गया. जिनको साधारण चोट होने से डॉक्टर साहब ने छुट्टी कर दी.

### कथा में कृष्ण जन्म मनाया

**नरसिंहगढ़ 05 मई, सं.** बजरंग मोहल्ले में भागवत कथा के दौरान मंगलवार को कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया गया. श्री कृष्ण जन्म का वर्णन करते हुए पंडित सच्चिदानंद जी शर्मा ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा. सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था. भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं. भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण को वासुदेव जी लेकर गोकुल पहुंच गए. पंडित श्री शर्मा ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब धरती पर गो माता और सज्जनों की रक्षा हेतु भगवान धरती पर अवतरित होते हैं.

# जूनियर कराटे में जिले को 2 कांस्य पदक मिले

## कराटे सब जूनियर चैंपियनशिप में जिले का दबदबा



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 05 मई, का.** राजगढ़ के 9 खिलाड़ियों का चयन जिले की राजगढ़ कराटे टीम में हुआ था. ये मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप इंदौर के राजेंद्र नगर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल में दिनांक 1 से 4 मई को आयोजित हुई, क्रीड़ा भारती (मध्य भारत प्रान्त) राजगढ़ जिला मंत्री और राजगढ़ कराटे संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की जिले के हिमांशु पिता राजू सुखवानी ने 13 वर्ष कैटेगरी में 4 फाइट जीतकर ब्रांज मेडल, केशव पिता प्रमोद सक्सेना ने 8 वर्ष कैटेगरी में फाईट जीतकर ब्रांज मेडल, अवयुत पिता जितेन्द्र सेन, नीतिका पिता दिनेश प्रजापति, अवनी पिता योगेश शर्मा, कृतिका पिता पवन गौड़, वर्णिका पिता शुभम मेवाड़े, राजीव पिता रघुवीर सिंह मकवाना ने जिले का प्रतिनिधित्व कर गौरान्वित किया. मेडल प्राप्त इन 2 खिलाड़ियों तथा अन्य 7 खिलाड़ियों का स्वागत क्लब ग्राउंड स्थित कराटे एकेडमी में स्वागत किया गया. इस मौके पर क्रीड़ा भारती और कराटे संघ के पदाधिकारी, कंचन सोनी, सचिन शर्मा, विशाल भरथरे, अरविन्द तोमर, सुनील बाफना, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिची, गौरव अग्रवाल, इन्द्रनारायण श्रीवास, सुनील जाटव, विक्रम गुर्जर, सुभाष जंगले ने शुभकामनाएं दी.

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की

## जीरापुर पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 05 मई, सं.** नगर के थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम खेजड़िया निवासी महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ की गई. खेजडिया गांव में महिला के साथ रात के समय घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है. जिसमें पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादिया राधा (25) पति बालचंद वर्मा निवासी ग्राम खेजड़िया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 12.30 बजे आरोपी गोवर्धन पिता रोड़ीलाल वर्मा, निवासी उसी गांव, उसके घर की दीवार कूदकर अंदर घुस आया और बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया.

घटना के बाद महिला द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया. मामले में थाना जीरापुर पुलिस ने अपराध क्रमांक 145/2026 के तहत धारा 74, 331(4) बीएनएस (पूर्व में धारा 354, 457 भादवि) के अंतर्गत केस दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है और उसकी तलाश जारी है. तथा आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है.



# हाथों की मुड़ी उंगलियों को सर्जरी से सही किया

## जिला अस्पताल में जटिल सर्जरी सफल रही

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 मई, का. जिला अस्पताल में एक बार फिर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का उदाहरण सामने आया है. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि सारंगपुर निवासी 40 वर्षीय श्रीमती असला अंसारी को सफल ऑपरेशन के बाद नई जिंदगी मिली है.**

जानकारी के अनुसार, श्रीमती अंसारी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में गर्म तेल की कढ़ाई पर गिर गई थीं, जिससे उनका चेहरा, हाथ और पैर गंभीर रूप से झुलस गए थे. लंबे उपचार के बाद घाव तो भर गए, लेकिन हाथ और उंगलियां मुड़ जाने के कारण वह सामान्य कार्य करने में असमर्थ थीं. आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बड़े शहरों में इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा था.

इसी दौरान उन्हें जिला अस्पताल में पदस्थ सीनियर सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली के बारे में जानकारी मिली. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उनकी स्थिति का परीक्षण कर ऑपरेशन का निर्णय लिया. बुधवार को की गई जटिल सर्जरी में मरीज के दाहिने हाथ की मुड़ी हुई उंगलियों को सीधा किया गया तथा पैर से त्वचा निकालकर प्रभावित हिस्से पर सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित की गई. विशेष बात यह है कि इस प्रकार की जटिल सर्जरी सामान्यत: बड़े शहरों में प्लास्टिक सर्जनों द्वारा की जाती है, लेकिन अब यह सुविधा जिला अस्पताल में ही उपलब्ध हो रही है.

इतना बड़ा ऑपरेशन पूरी तरह निशुल्क किया गया. ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और अब सामान्य जीवन जीने में सक्षम हो गई है. यह सफलता न केवल जिला अस्पताल की उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सरकारी अस्पतालों में भी गंभीर और जटिल उपचार संभव हैं. डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि उनके संज्ञान में पहले जिला अस्पताल में इस प्रकार की सर्जरी नहीं हुई थी, जो इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाती है.

**वारदात** ▶ **शुभारंभ से पहले चोरों का धावा, जीरापुर के नवीन अस्पताल भवन में बड़ी चोरी**

# सूने अस्पताल भवन से हजारों के नल, टोटियां चोरी




नवभारत न्यूज

**जीरापुर 05 अप्रैल, सं. नगर के नवीन अस्पताल भवन में बिजली का कनेक्शन अब तक सुचारू नहीं हो पाया है. यहां अस्पताल संचालित होना था लेकिन अब इस वीरान पड़े करोड़ों अस्पताल भवन पर चोरों की नजर आ टिकी है. बीते 30 अप्रैल को बदमाशों ने अस्पताल की खिड़की तोड़कर यहां जैगुआर कंपनी के कीमती नल प्लम्बिंग के सामान चोरी कर लिए है. अंधेरे में सुनसान पड़े इस भवन में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. मामले की शिकायत बीएमओ डॉ सुनील चौरसिया द्वारा की गई है. उन्होंने मामले की लिखित शिकायत की है और पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

जानकारी के अनुसार नगर के नवीन अस्पताल भवन में अंधेरे और सुनसान होने का लाभ लेकर 30 अप्रैल की रात को चोरी की वारदात की गई है. मामले में बीएमओ सुनील चौरसिया ने पुलिस को अपनी लिखित शिकायत में बताया कि रात के समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा अस्पताल की बाहरी खिड़की की जाली को काटकर चोरी की. मजदूरों ने दी अगले दिन सुबह घटना की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दी.

### बदमाशों के पैर नजर आए

शिकायत में बीएमओ ने बताया कि चोरी के दौरान बदमाश नंगे पैर घुसे, उनके पैरों के निशान फर्श की धूल पर स्पष्ट रूप से नजर आ रहे है. साथ ही मौके पर लोहे का पाना भी मिला है. जिसका उपयोग प्लम्बिंग के सामानों को सुरक्षित खोलने में किया गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है. वहां मौजूद काम करने वालों से पूछताछ की जा रही है.

### प्लम्बिंग के 104 सामान चोरी, कीमत लाखों में

नवनिर्मित भवन से अंदर बाथरूम में लगे जैगुआर कंपनी के बाथरूम नल टोटी 41, लेटरिंग वल 22, वॉश बेसिल वाल्व 18, बेसिन नल 18 और 5 टॉयलेट वॉल्व चोरी कर लिए है. ये सभी सामान जैगुआर कंपनी के है और कीमती है. इनकी कीमत लाखों में है. बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है. चोरी 30 अप्रैल को हुई जिसकी रिपोर्ट 4 मई को दर्ज कराई गई है.

### अब तक नहीं जुड़ा बिजली कनेक्शन

करीब एक पखवाड़े से अधिक समय हो चुका है. नवीन अस्पताल भवन में बिजली कनेक्शन नहीं जुड़ पाया है. ट्रांसफार्मर बमुश्किल लगा लेकिन उससे बिजली भवन तक नहीं पहुंच पाई है. इसके चलते अस्पताल का औपचारिक तथा अनौपचारिक शुभारंभ नहीं हो पा रहा है.